# पुरूषोत्तमदास पसारी–एक परिचय

24 दिसंबर 1948 को जन्में श्री पुरूषोत्तमदास पसारी बैंकुठवासी श्री प्रहलाददासजी पसारी के सुपुत्र है उनके पिता एक कुशल वस्त्र व्यवसायी धर्मनिष्ठ एंव शैक्षणिक एंव सामाजिक कार्य में रूचि रखने वाले थे समाजसेवा धर्मनिष्ठता कार्य के प्रति लगन एंव समर्पण के संस्कार विरासत मे मिले है।

पुरूषोत्तमदास पसारी ने अपनी शिक्षा इंदौर से प्राप्त की है आपने एम. कॉम., एल. एल.बी. एंव बिजनेस मेनेजमेंट मे डिप्लोमा किया है। परिवार मे तीन भाइयों एंव पॉच बहनो से भरापूरा परिवार है। पत्नी श्रीमति वीणदेवी पुत्री श्रीमति अर्चना जाजू एंव पुत्र अजय पसारी है। पसारी परिवार का वस्त्र व्यवसाय एंव गारमेंट मेन्युफेक्यरिंग का उद्योग है।

श्री पुरूषोत्तमदास पसारी ने इतने बडे और विशाल संगठन श्री वैष्णव समूह की ट्रस्ट और संस्थाओं को चलाने के लिये सभी विपरीत परिस्थितियों एंव बाधाओ के समय एक चट्टान की तरह अडिग और अटल खडे रहकर अपनी स्वेच्छा से बिना किसी स्वार्थ के सभी जिम्मेदारियो को स्वीकार किया और ट्रस्ट के कार्य को बुजुर्गो का आर्शीवाद और समाज सेवा को एक मिशन के रूप मे लेकर प्रगति के पथ पर अग्रसर किया।

श्री पसारी सार्वजनिक संस्थाओ मे अपनी विशिष्ट उपस्थिति का धमाकेदार एहसास कराए बगैर दीपक की लौ की भाँति अपने काम मे जुटे रहने वाला यह व्यक्तित्व अब सूरज की तरह अपने प्रभा–क्षेत्र को आलोकित कर रहा है। अपनी निजी पारिवारिक व्यस्तताओं और जिम्मेदारियो के साथ साथ सार्वजनिक संस्थाओ मे अपनी पारदर्शी कार्यशैली से बुजुर्गो, सहयोगियो और साथियों को आकर्षित किया।

श्री वैष्णव समुह को स्थापित करने मे पसारी परिवार का प्रांरभ से सक्रिय विशिष्ट योगदान रहा है। 1985 में पिताजी का अकस्मात बैकुण्ठवास होने पर पुरूषोत्तमदासजी 1985 मे ट्रस्टी बनें। श्री वैष्णव ट्रस्ट समूह के विभिन्न ट्रस्टों मे 1985 से 2012 तक कोषाध्यक्ष, मंत्री रहे। श्री वैष्णव समूह के सभी न्यासियों ने एकमत होकर सर्वसम्मति से दिनांक 25 फरवरी 2013 को श्री पुरूषोत्तमदास पसारी को बहुआयामी व्यक्तित्व और कार्यक्षमताओं के आधार पर श्री वैष्णव ट्रस्ट समूह का अध्यक्ष निर्वाचित किया। आज संस्था का अपना एक विशिष्ठ अस्तित्व है और संस्था ने हर क्षेत्र मे तरक्की की है, चाहे वह शिक्षा के क्षेत्र में हो या समाज सेवा का कार्य हो इस पुनित कार्य मे श्री पुरूषोत्तमदास पसारी का बहुत बडा योगदान रहा है।

महामहिम राज्यपाल महोदय मध्य प्रदेश शासन के दिनांक 28.07.2015 के आदेशानुसार से श्रीमान पुरूषोत्तमदासजी पसारी को श्री वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय का प्रथम संस्थापक कुलाधिपति नियुक्त किया गया।

## <u>श्री वैष्णव ट्रस्ट के अर्न्तगत शैक्षणिक संस्थाओं की स्थापना</u>

1. श्री क्लॉथ मार्केट कन्या महाविद्यालय स्थापना सन् 1983 में की गई इसके 1983 से 2003 तक संस्थापक सचिव रहे।
2. श्री वैष्णव इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट इन्दौर की स्थापना सन् 1987 में की गई इसके 1987 से 2011 तक संस्थापक सचिव रहे एंव वर्तमान मे सन् 2013 से अध्यक्ष है।
3. श्री वैष्णव कन्या विद्यालय इंदौर की स्थापना सन् 1992 में की गई इसके 1992 से संस्थापक उपाध्यक्ष रहे एंव वर्तमान मे कार्यकारिणी सदस्य है।
4. श्री वैष्णव एकेडमी इंदौर स्थापना सन् 1993 में हुई इसके सन् 1993 से 2004 तक संस्थापक मंत्री रहे।
5. श्री वैष्णव इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी एंड सांइस इन्दौर की स्थापना सन् 1995 में हुई इसके सन् 1995 से 2011 तक संस्थापक सचिव एंव वर्तमान मे 2011 से अध्यक्ष है।
6. श्री वैष्णव विद्यापीठ ट्रस्ट, इंदौर की स्थापना सन् 2002 में की गई इसके सन् 2002 से 2013 तक संस्थापक सचिव एंव वर्तमान मे सन् 2013 से अध्यक्ष है।
   अ. श्री वैष्णव विद्यापीठ ट्रस्ट, इंदौर में श्री वैष्णव इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ की स्थापन सन् 2005 में की गई।
   ब. श्री वैष्णव विद्यापीठ ट्रस्ट, इंदौर में श्री वैष्णव कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग की स्थापना सन् 2005 मे की गई।
   स. श्री वैष्णव विद्यापीठ ट्रस्ट, इंदौर के अन्तर्गत श्री वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय की स्थापना सन् 2015 में की गई इसके सन् 2015 से कुलाधिपति है।

## <u>श्री पहलाददासजी पसारी स्मृति चेरिटी ट्रस्ट द्वारा स्थापित संस्थाएँ</u>

7. श्री वैंकटेश्वर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी एण्ड मेनेजमेंट की स्थापना 2006 में की गई इसके सन् 2006 से संस्थापक अध्यक्ष है।
8. श्री विद्या निकेतन ग्राम चन्द्रावतीगंज मे कक्षा नर्सरी से बारहवीं तक विद्यालय की स्थापना सन् 2011 में की गई इसके सन् 2011 से संस्थापक अध्यक्ष है।

9. श्री टैक्नो स्कील एकेडमी की स्थापना सन् 2015 में स्कील डेव्हलपमेंट योजना के अन्तर्गत की गई इसके सन् 2015 से संस्थापक अध्यक्ष है।

**<u>शैक्षणिक संस्थाओं की कार्यकारिणी में एवं पदाधिकारी</u>**

1. श्री क्लॉथ मार्केट वैष्णव हायर सेकेण्डरी स्कूल इंदौर की स्थापना 1951 मे हुई इसके 1985 से कार्यकारिणी सदस्य रहे, सन् 1989 से 2007 तक मंत्री एंव सन् 2008 से 2010 तक अध्यक्ष रहे।
2. श्री वैष्णव पोलीटेकनिक की स्थापना 1962 मे हुई इसके 1985 से कार्यकारिणी सदस्य एवं 2013 से मेनेजिंग कमेटी के अध्यक्ष है।
3. श्री वैष्णव वाणिज्य महाविद्यालय की स्थापना सन् 1967 मे हुई इसके 1985 से 2011 तक सचिव रहे।
4. श्री क्लॉथ मार्केट वैष्णव बाल मंदिर उ मा कन्या विद्यालय इंदौर की स्थापना 1981 मे हुई इसके 1985 से कार्यकारिणी सदस्य रहे।
5. श्री वैष्णव महाविद्यालयीन कन्या छात्रावास इंदौर की स्थापना सन् 2001 मे हुई इसके आप स्थापना से कार्यकारिणी सदस्य है।
6. श्री वैष्णव महाविद्यालयीन बालक छात्रावास इंदौर की स्थापना सन् 2002 मे हुई इसके आप स्थापना से कार्यकारिणी सदस्य है।
7. श्री आयुर्वेदिक ब्रहाचर्य संस्कृत विद्यालय की स्थापना सन् 2011 में हुई इसके सन् 2011 से सचिव है।
8. श्री माहेश्वरी विद्यालय इंदौर की स्थापना सन् 1921 में हुई इसके सन् 1985 से 2003 तक कार्यकारिणी सदस्य रहे।
9. श्री माहेश्वरी वाणिज्य महाविद्यालय इंदौर की स्थापना सन् 1994 में हुई इसकी स्थापना से 2014 तक कार्यकारिणी सदस्य रहे।
10. श्री बी.डी. तोषनीवाल माहेश्वरी विद्यालय इंदौर की स्थापना सन् 1997 मे हुई इसके स्थापना से 2011 तक कार्यकारिणी सदस्य रहे।
11. श्री फूलबाई मुरलीधर झंवर माहेश्वरी कन्या छात्रावास इंदौर की स्थापना सन् 1997 में हुई इसके स्थापना से 2014 तक कार्यकारिणी सदस्य रहे।
12. श्री माहेश्वरी छात्रावास इंदौर की स्थापना सन् 2016 में हुई इसके आप स्थापना से कार्यकारिणी सदस्य है।

**<u>धार्मिक क्षेत्र में</u>**

1. 1970 मे श्री बालमुकुन्द झालरिया ज्ञान प्रसार आश्रम न्यास की स्थापना की गई इसके 1985 से उपाध्यक्ष है, श्री तिरूपति बालाजी वैकटेश देवस्थान गुमास्ता नगर की 1997 मे देवस्थान की भव्य प्रतिष्ठा की गई।
2. श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर ट्रस्ट कमिटी चंद्रावतीगंज की स्थापना सन 1951 में की गयी इसके 1985 से मैनेजिंग ट्रस्टी है ।

**<u>स्वास्थ्य सेवाओं क क्षेत्र में</u>**

1. श्री वैष्णव आयुर्वेदिक औषधालय इंदौर स्थापना सन 1934 में हुई इसके आप 1985 से कार्यकारिणी सदस्य एवं सन 2012 से अध्यक्ष है।
2. श्री क्लॉथ मार्केट हॉस्पिटल इंदौर की स्थापना 1974 में हुई इसके स्थापना से कार्यकारिणी सदस्य है।
3. श्री एसके मुखर्जी कार्डियोलॉजी एंड रिसर्च सेंटर इंदौर की स्थापना सन 1984 में हुई इसके सन 1985 से कार्यकारिणी सदस्य एवं 2013 से अध्यक्ष है।
4. श्री वैष्णव डयग्नोस्टिक एवं किडनी सेंटर इंदौर की स्थापना 2016 में हुई इसके संस्थापक अध्यक्ष है।
5. श्री इंदौर कैंसर फाउंडेशन ट्रस्ट के सन 2017 से स्थायी ट्रस्टी बने।

**<u>ट्रस्ट</u>**

1. श्री टीकमदास पसारी धार्मिक एवं पारमार्थिक ट्रस्ट इंदौर की स्थापना सन् 1959 में की गयी इसके सन 1985 से मैनेजिंग ट्रस्टी है।
2. श्री प्रह्लाददासजी पसारी स्मृति चौरिटी ट्रस्ट इंदौर की सन् 1986 में पूज्य पिताजी की स्मृति में की गयी इसके मैनेजिंग ट्रस्टी है ।
3. श्री वैष्णव सहायक कपडा मार्केट कमेटी इंदौर की स्थापना 1884 में की गयी इसके 1985 कोषाध्यक्ष 2017 से मंत्री एवं एवं 2013 से अध्यक्ष है ।
4. श्री वैष्णव सहायक ट्रस्ट इंदौर की स्थापना 1939 में की गयी इसके 1985 से कोषाध्यक्ष 2012 से मंत्री एवं 2013 से अध्यक्ष है।
5. श्री वैष्णव चौरिटी ट्रस्ट इंदौर की स्थापना 1971 में की गयी इसके 1991 से 2012 तक मंत्री एवं 2013 से अध्यक्ष है ।

6. श्री वैष्णव शैक्षणिक एवं पारमार्थिक न्यास इंदौर की स्थापना 1981 में की गयी इसके 1985 से कोषाध्यक्ष 2012 से मंत्री एवं 2013 से अध्यक्ष है ।
7. श्री वैष्णव विद्यापीठ ट्रस्ट इंदौर की स्थापना 2002 में की गयी इसके सन 2002 से 2013 से संस्थापक सचिव एवं वर्तमान में 2013 से अध्यक्ष है।
8. श्री माहेश्वरी सार्वजनिक सेवा ट्रस्ट इंदौर के 1985 से ट्रस्टी एवं 2015 से अध्यक्ष है।
9. श्री माहेश्वरी विद्यालय ट्रस्ट इंदौर के सन 1985 से ट्रस्टी कोषाध्यक्ष एवं सन 2011 से उपाध्यक्ष है।
10. श्री ग्यारह पंच धार्मिक एंव पारमार्थिक न्यास इंदौर के 1985 से ट्रस्टी एवं सन 1994 से मंत्री है।
11. श्री अष्टांग आयुर्वेदिक ब्रह्मचर्य आश्रम न्यास इंदौर के 1985 से ट्रस्टी एवं कोषाध्यक्ष एवं 2011 से मंत्री है।
12. श्री अहिल्या माता गोशाला जीवदया मंडल इंदौर के 2006 से ट्रस्टी एवं 2008 से कोषाध्यक्ष है।
13. श्री माहेश्वरी साढ़े सात सौ पंचायती ट्रस्ट इंदौर के सन 1985 से ट्रस्टी है।
14. श्री म तु क्लॉथ मार्केट मर्चेन्ट एसोसिएशन भवन इंदौर के 1985 से ट्रस्टी है ।

**<u>सार्वजनिक कंपनी</u>**

1. श्री देवी अहिल्या न्यू क्लॉथ मार्केट कम्पनी इंदौर के सन 1985 से डायरेक्टर एवं 2012 से चेयरमैन है कंपनी द्वारा 46 एकड़ जमीन पर 1100 वस्त्र व्यवसायियों के लिए न्यू मार्केट का निर्माण किया जा रहा है ।
2. श्री इंदौर क्लॉथ मार्केट वेयरहाउस लिमिटेड इंदौर के सन 1986 से डायरेक्टर एवं 2013 से चौयरमेन है इसमें वस्त्र व्यवसायियों के गोडाउन एवं दुकाने है ।
3. अशासकीय शिक्षण संस्था संघ इंदौर के सन 2012 से अध्यक्ष है ।

**<u>राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान</u>**

इन्हे राष्ट्रीय स्तर पर निम्नलिखित अवार्डो से सम्मानित किया गया है ।

1. डॉ. के.एस.राव ,यूनियन टेक्सटाइल मिनिस्टर ऑफ इंडिया द्वारा दिनांक 30 अगस्त 2013 को शिक्षा के क्षेत्र में अपने योगदान के लिए सरस्वती अवार्ड प्रदान किया गया ।
2. ऑल इंडिया अचीवर्स फाउंडेशन न्यू दिल्ली द्वारा दिनांक 12 नवंबर 2013 को दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में इंडियन लीडरशिप अवार्ड फॉर एजुकेशन एक्सीलेंस अवार्ड प्रदान किया गया ।
3. शिक्षा के क्षेत्र में अपने अमूल्य योगदान के लिए दिनांक 21 दिसंबर 2013 को इंटरनेशनल बिजनेस कौंसिल नई दिल्ली द्वारा इंदिरा गाँधी एक्सीलेंस अवार्ड प्रदान किया गया है।
4. धार्मिक सामाजिक पारमार्थिक स्वास्थय एवं शिक्षा क क्षेत्र में अमूल्य योगदान हेतु दिनांक 16 मार्च 2014 को पतंजलि योग विद्यापीठ इंदौर द्वारा परोपकार रत्न अवार्ड प्रदान किया गया है।
5. एसोसिएशन ऑफ प्रोफेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ एम पी द्वारा तकनिकी शिक्षा के क्षेत्र में अपने महत्वपूर्ण योगदान क लिए अवार्ड प्रदान किया गया ।
6. शिक्षा क क्षेत्र में अपने अमूल्य योगदान के लिए दिनांक 23 सितम्बर 2014 को इंटरनेशनल बिजनेस कौंसिल नई दिल्ली द्वारा राजीव गाँधी अचीवर्स अवार्ड फॉर एजुकेशन एक्सीलेंस प्रदान किया गया है।